डॉ. भीमराव अम्बेडकर विधि विश्वविद्यालय जयपुर

(A State Funded University of Rajasthan)

"रूसा भवन", शिक्षा संकुल, जे.एल.एन. मार्ग, जयपुर–302015

www.alujaipur.ac.in

E-mail: registrar@alujaipur.ac.in

क्रमांकः एफ.4(3)/परीक्षा/अविवि/2023–24/1099 दिनांकः 04 July 2024

समस्त प्राचार्य,
सम्बद्ध विधि महाविद्यालय,
डॉ. भीमराव अम्बेडकर विधि विश्वविद्यालय,
जयपुर

विषय : अकादमिक सत्र 2023–24 के विधि पाठ्यक्रम के पूर्व में भरे गये ऑनलाईन परीक्षा फार्म जो निर्धारित तिथि तक संबंधित महाविद्यालय में जमा नहीं करवाये गये अथवा संबंधित महाविद्यालय द्वारा विश्वविद्यालय को निर्धारित तिथि तक हार्ड कॉपी में प्रस्तुत नहीं किये गये के क्रम में।

सन्दर्भ : विश्वविद्यालय के विस्तारित अवधि आदेश क्रमांक एफ.4(3)/परीक्षा/अविवि/2023–24/629 दिनांक 30.05.2024 व एफ.4(3)/परीक्षा/अविवि/2023–24/808 दिनांक 16.06.2024

महोदय/महोदया,

विश्वविद्यालय द्वारा उपरोक्त विषयान्तर्गत अंकित परीक्षा आवेदनों को स्वीकार करने हेतु शास्ति अधिरोपित करते हुए अन्तिम तिथि संदर्भित पत्रों द्वारा निर्धारित की गयी थी। विश्वविद्यालय के पास पुनः कई महाविद्यालयों व अभ्यर्थियों से आवेदन प्राप्त हुए है जिसमें पुनः निवेदन किया गया है कि पूर्व में भरे गये ऑनलाईन परीक्षा फार्म जो निर्धारित तिथि तक संबंधित महाविद्यालय में जमा नहीं करवाये गये अथवा संबंधित महाविद्यालय द्वारा विश्वविद्यालय को निर्धारित तिथि तक हार्ड कॉपी में प्रस्तुत नहीं किये गये, को एक अन्तिम अवसर प्रदान किया जावे।

विश्वविद्यालय द्वारा गठित समिति की अनुशंसा व सक्षम अनुमोदन पश्चात्, अभ्यर्थियों के भविष्य को ध्यान में रखते हुए पूर्व में भरे गये ऑनलाईन परीक्षा फार्म जो निर्धारित तिथि तक संबंधित महाविद्यालय में जमा नहीं करवाये गये अथवा संबंधित महाविद्यालय द्वारा विश्वविद्यालय को निर्धारित तिथि तक हार्ड कॉपी में प्रस्तुत नहीं किये गये, को **संबंधित महाविद्यालय प्राचार्य से अग्रेषण पश्चात् व समस्त वांछित अर्हता दस्तावेजों तथा शास्ति राशि रूपये 5000/– (अक्षरे पांच हजार रूपये) के साथ विश्वविद्यालय परीक्षा कार्यालय में जमा करवाये जाने का अंतिम अवसर प्रदान किया जाता है। साथ ही निर्धारित किया जाता है कि ऐसे परीक्षा आवेदन–पत्र परीक्षा प्रारम्भ होने के एक दिवस पूर्व तक ही स्वीकार किये जा सकेंगें। ऐसे प्राप्त परीक्षा आवेदन–पत्र जो उक्तानुसार नियत समय में प्राप्त हो जाते हैं, उनकी पात्रता/योग्यता जांच पश्चात् योग्य/पात्र पाये जाने पर ही परीक्षा प्रवेश–पत्र जारी किये जा सकेंगें।**

डाक से प्रेषित परीक्षा आवेदन–पत्र स्वीकार नहीं किये जायेंगें।

कुलसचिव